न्याय न मिलने पर पीड़ित ने थाने के अंदर छिड़का पेट्रोल

चंदेरा थाने में दिन भर बैठा रहा किसी ने नहीं सुनी

जतारा थाना परिसर में किया आत्मदाह का प्रयास

नवभारत न्यूज,

टीकमगढ़। न्याय न मिलने से खफा एक व्यक्ति ने जतारा थाना परिसर में पैट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने उसके हाथ से पैट्रोल की बोलत छीन ली और उसे समझाया। पीड़ित व्यक्ति द्वारा उसकी रिपोर्ट न लिखे जाने से उसकी नाराजगी बढ़ी और उसने ऐसा कदम उठाने की कोशिश की।

दरअसल पूरा मामला चंदेरा थाने से जुड़ा है। इस थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम जेवर के रहने वाले पीड़ित आशाराम ने एक आवेदन पुलिस कप्तान के नाम दिया है। इस आवेदन में उन्होंने बताया कि बीती 8 जुलाई को सुबह तकरीबन



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जी
टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ म.प्र.

विषय – जाति सूचक शब्दों से अपमानित कर घर में घुसकर पत्नि सहित दबंगों द्वारा मारपीट एवं गांव में रहना दुभर गांव के दबंगों के कारण पुलिस थाना चंदेरा द्वारा कोई सुनवाई नही करने बावत।

महोदय,

विनय है कि प्रार्थी आशाराम तनय रतीराम बंशकार निवासी ग्राम जेवर थाना चंदेरा जिला टीकमगढ़ म.प्र. का निवासी है प्रार्थी दिनांक 08.07.2026 को सुबह 10 बजे अपने घर पर खाना खा रहा था कि राज पचौरी, रेशू उर्फ छोटू पचौरी, रमा पचौरी, हेमंत पचौरी एवं दो अज्ञात व्यक्तियों ने प्रार्थी के घर में घुसकर बोले माफरचोद भसुटा साले हमारी लोकेशन हमारे रिश्तेदारों को देता है तथा लात घूसों से मारपीट कर दी तथा खोलिया से दाये हाथ पर मारा जिससे उसकी सूजी बाह में खून आया तथा दायें पैर ने डण्डा मार दिया तथा हॉकी से हमला किया प्रार्थी के विरूद्ध पर प्रार्थी की पत्नि मुगनीबाई ने बीच बचाव किया तो उसे भी धक्का मारकर लात घूसों से मारा जिससे उसके बायें पैर में चोट आ गई उक्त व्यक्ति गांव के दबंग है प्रार्थी घटना की रिपोर्ट करने प्रार्थी पत्नि सहित चंदेरा थाना गया जिसमें प्रार्थी की रिपोर्ट नही ली तथा कोई सुनवाई नही की है उनके भय के एवं डौर के कारण प्रार्थी पत्नि सहित पेट्रोल पंप जतारा पर रात्रि बीती कर श्रीमान से समय निवेदन करने आया है।

अतः श्रीमान जी से विनय है कि प्रार्थी को एवं उसकी पत्नि को जाति सूचक शब्दो से अपमानित कर घर में घुसकर मारपीट कर गांव में नही रहने दे रहे है गांव के दबंग है इसलिए थाना में कोई सुनवाई नही हो रही है अतः प्रार्थी की सुरक्षार्थ वैधानिक कार्यवाही करने की कृपा करें।

दिनांक
स्थान टीकमगढ़
प्रार्थी
आशाराम तनय रतीराम बंशकार
निवासी ग्राम जेवर थाना चंदेरा
जिला टीकमगढ़ म.प्र.
मो.नं. 9179943220

10 बजे वह अपने घर था, तभी गांव के राज पचौरी, रेशू उर्फ छोटू पचौरी, रमा पचौरी, हेमंत पचौरी एवं अन्य दो लोग उसके घर आए और उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करना शुरू कर दिया है। पीड़ित ने बताया इस समय वह खाना खा रहा था। पीड़ित ने आवेदन में जिक्र किया कि आरोपित व्यक्तियों द्वारा उससे कहा गया कि हमारी लोकेशन हमारी रिश्तेदारों को बताता है और फिर उससे मारपीट शुरू कर दी। साथ दाहिने हाथ पर किसी वस्तु से हमला कर दिया। इस कारण आशाराम के हाथ से खून आने लगा। इसके बाद पीड़ित आशराम के पैर पर डंडों एवं हॉकी से भी मारपीट की।

इसी शिकायत को लेकर आशाराम चंदेरा थाने पहुंचा जहां उसने अपनी पूरी पीड़ा यहां पुलिस को सुनाई। दिन भर गुजर जाने के बाद जब उसकी सुनवाई नहीं हुई, तो वह डर के मारे गांव नहीं पहुंचा और उसने पूरी रात जतारा में पैट्रोल पंप पर बिताई। पीड़ित ने बताया कि इस पूरी घटनाक्रम के दौरान उसकी पत्नी भी उसके साथ थी। इसके बाद पीड़ित टीकमगढ़ पहुंचा जहां पुलिस कप्तान के नाम उसकी शिकायत दी।

शिकायत देने के बाद दुवारा वह जतारा थाने पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई, परन्तु मामला जतारा का न होने के कारण पुलिस ने उसकी नहीं सुनी।

इसी बात से खफा होकर आशाराम ने एक प्लास्टिक की बोतल से अपने ऊपर पैट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश कर डाली। हालांकि वहां मौजूद लोगों एवं पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस के अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। चंदेरा थाना प्रभारी रश्मि जैन ने फोन नहीं उठाया। पुलिस कप्तान मीडिया से बात करना उचित नहीं समझते शायद इसीलिए ऐसी वारदातों में लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

पूरे दिन थाने में रहा, रात पेट्रोल पम्प पर गुजारी

पीड़ित शिकायतकर्ता आशाराम ने बताया कि दबंगों ने उसके साथ घटना को अंजाम दिया, लेकिन दिन भर चंदेरा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं कि इसीलिए उसका डर और बढ़ गया, जिस कारण वह जेवर गांव नहीं पहुंचा और रात जतारा थाने के पास स्थित पैट्रोल पंप पर पत्नी के साथ गुजारने को मजबूर होना पड़ा। पीड़ित ने कहा कि पुलिस न्यायपालिका नहीं, लेकिन एफआईआर दर्ज करने में उनको क्या दिक्कत है।

अंडरग्राउंड नाले में जा गिरा बाइक सवार

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। सुभाष पुरम कॉलोनी में नगर पालिका के अधूरे अंडरग्राउंड नाले के निर्माण कार्य के कारण गुरुवार को एक हादसा हो गया। बारिश के पानी से भरे खुले चैंबर में बाइक सहित एक युवक गिर जाने का मामला आया है।

आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत युवक को बाहर निकाला, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, उसकी बाइक पूरी तरह से नाले में डूब गई थी। सूचना मिलने पर नगर पालिका ने जेसीबी मशीन बुलाकर बाइक को गड्ढे से बाहर निकाला। यह घटना वार्ड नंबर 18 में पानी की निकासी के लिए डाली जा रही अंडरग्राउंड पाइपलाइन के अधूरे काम के कारण हुई। करीब तीन महीने पहले सड़क की खुदाई शुरू की गई थी, जिसे बारिश से पहले पूरा किया जाना था। नगर पालिका की लापरवाही के चलते यह काम अभी तक अधूरा है और

जगह-जगह चैंबर खुले पड़े हैं।स्थानीय कांग्रेस जिला कोषाध्यक्ष सुनील भाईजी ने बताया कि यह हादसा उनके घर के पास हुआ। पूरी सड़क पर बारिश का पानी भर जाने से खुले चैंबर दिखाई नहीं देते, जिससे ऐसे हादसे हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर पालिका ने समय पर काम पूरा किया होता तो यह परेशानी नहीं होती।वर्तमान में पूरी सड़क दलदल में बदल गई है, जिससे आसपास के लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका के इंजीनियर कभी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने नहीं आते।वहीं इस मामले में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया का कहना है कि पाइपलाइन डालने का काम पूरा हो गया है। सड़क की मरम्मत भी चल रही है। खुले चैंबर के आसपास सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

शातिर चोर एजेंट का बैग लेकर हुआ फरार

नवभारत न्यूज

पलेरा। स्थानीय छोटा बस स्टैंड के पास स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर के सामने से एक शातिर चोर दवाइयों की उधारी वसूलने आए एक रिकवरी एजेंट का बैग लेकर रफूचक्कर हो गया। घटना की पूरी वारदात पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है

प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ निवासी कृष्णपाल जमना प्रसाद विश्वकर्मा टीकमगढ़ के भैरव जी मंदिर पेवरा चौराहा के पास स्थित ज्ञान मेडिकोज पर काम करते हैं। ज्ञान मेडिकोज के संचालक ज्ञान चंद्र जैन के निर्देश पर कृष्णपाल गुरुवार को दवाइयों की उधारी उगाही के सिलसिले में पलेरा आए हुए थे।

पीड़ित कृष्णपाल ने बताया कि जैसे ही वह अपनी गाड़ी से पलेरा के छोटा बस स्टैंड स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर के पास उतरे, तभी वहां पहले से घात लगाकर बैठा एक अज्ञात लड़का उनका बैग लेकर रफूचक्कर हो गया। आरोपी लड़का लाल रंग की पेंट और लाल शर्ट पहने हुए था। घटना की सूचना तुरंत अपने संस्थान के मालिक और स्थानीय पुलिस को दी है।

बिजली कटौती से परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

नगर में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही अनियमित बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली बार-बार गुल हो जाती है और कुछ देर बाद आती है, फिर दोबारा चली जाती है। इस वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इन दिनों उमस भरी गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल है। बिजली की आवाजाही से घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। बिजली कटौती से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

होटल में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस लगातार सक्रिय कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने होटल में हुई चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 06 जुलाई को फरियादी शुभम जैन निवासी टीकमगढ़ ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 05-06 जुलाई की रात्रि में पुराना बस स्टैंड स्थित महाराजा होटल की खिड़की से अंदर प्रवेश कर अज्ञात व्यक्ति द्वारा काउंटर में रखी नगदी, हाथ घड़ी एवं आधार कार्ड सहित लगभग 85 हजार मूल्य का सामान चोरी कर लिया गया है। शिकायत पर थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। कोतवाली पुलिस ने होटल में हुई चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

उर्वरक का नहीं होगा अनाधिकृत उपयोग

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

उर्वरको की अवैध विक्रय अनाधिकृत भंडारण, कालाबाजारी तथा नकली, मिलावटी उर्वको के निर्माण की संभावना अनुदानित उर्वरकों यूरिया आदि का अनाधिकृत औद्योगिक उपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, इन अवैध गतिविधियों की रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू गई है।

अब प्रशासन खाद को लेकर सख्त दिखाई दे रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियों हो चुकी है।

अंग्रेजी पाठ्यक्रम की कोचिंग व्यवस्था

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जिले में संचालित शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट एवं महाविद्यालयीन छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराने हेतु योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

कार्यालय आयुक्त अनुसूचित जाति विकास, भोपाल के निर्देशानुसार जिले के उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावास टीकमगढ़, बल्देवगढ़, पलेरा एवं जतारा में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को फि जिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी, गणित, अंग्रेजी एवं कम्प्यूटर विषयों की कोचिंग प्रदान की जाएगी। वहीं शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास टीकमगढ़ तथा महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास टीकमगढ़, पलेरा एवं जतारा में निवासरत बीए, बीएससी, एमए एवं एमएससी के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी पाठ्यक्रम की कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

अभद्र व्यवहार करने पर शिक्षक निलंबित

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय प्राथमिक विद्यालय आनंदपुरा, संकुल बल्देवगढ़, विकासखंड बल्देवगढ़ में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक घनश्याम दास वर्मा को विद्यालय में नियमित रूप से विलंब से उपस्थित होने तथा आमजन के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक के विरुद्ध विद्यालयीन अनुशासन का पालन न करने एवं आमजन से अनुचित व्यवहार करने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों के परीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई के आदेश जारी किए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय सेवकों द्वारा अनुशासनहीनता, कार्य में लापरवाही अथवा आमजन के साथ अनुचित व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध, अनुशासित एवं जनहितैषी तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं।

अगस्त तक शिकार बंद

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। गुरूवार को दिनभर बारिश जारी रही। पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बुधवार को सुबह से शाम 5 बजे तक कई बार वर्षा दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 1.4 इंच बारिश हुई। इसके साथ ही, जिले में अब तक कुल 5.2 इंच औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल इसी अवधि तक हुई 19.7 इंच बारिश से काफी कम है।

भू-अभिलेख कार्यालय से

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले 24 घंटों में टीकमगढ़ तहसील में 40 मिलीमीटर डेढ़ इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई।

बड़ागांव में आधा इंच, बल्देवगढ़ में डेढ़ इंच, जतारा में डेढ़ इंच, मोहनगढ़ में 1 इंच, पलेरा में डेढ़ इंच और लिधौरा में आधा इंच वर्षा हुई। खरगापुर तहसील में सर्वाधिक 3 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। दिन भर में भी लगभग 1 इंच से अधिक बारिश हुई है।

फसलों को लेकर दी गई सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अन्न फसलों की उत्पादन तकनीक और भोजन में उनके महत्व पर किसानों को सलाह दी गई हैं।

केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एव प्रमुख डॉ. बीएस किरार, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.एसके जाटव द्वारा धान्य बाजरा, ज्वार, रागी, साँवा, कोदो, कंगनी, कुटकी, चीना आदि की वैज्ञानिक खेती के प्रमुख बिंदुओं अपना कर इनकी जैविक या प्राकृतिक खेती अर्थात् बिना रासायनिक उर्वरक और दवायों की खेती करने की सलाह दी।

20 दिन बाद दूल्हा और दुल्हन को ले गई पुलिस

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले से शादी के महज 20 दिन बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश की अमेठी पुलिस एक दूल्हा और दुल्हन को अपने साथ ले गई है। मामला मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के बंधा गांव का है।

यूपी पुलिस का कहना है कि जो लड़की दुल्हन बनकर आई है, वह असल में नाबालिग है और उसके अपहरण का मामला दर्ज है। दूसरी तरफ, दूल्हे के परिवार का आरोप है कि वे शादी कराने वाले दलालों की धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं।बंधा गांव के रहने वाले राजेश शुक्ला ने बताया कि उनके छोटे भाई नीतेश शुक्ला की शादी बीते 19 जून को अछरु माता मंदिर में हुई थी।

यह शादी बम्हौरी बराना निवासी रामकुमार नायक, बब्लू बिदुआ और संतोष चौबे नामक दलालों के जरिए तय हुई थी।दलालों ने लड़के वालों को झांसा दिया था कि लड़की इलाहाबाद नैनी की रहने वाली है

और उसके माता-पिता नहीं हैं। बुंदेलखंड इलाके में लड़कों की शादी में आने वाली दिक्कतों के चलते परिवार इन दलालों के चंगुल में फंस गया था।राजेश शुक्ला के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 5 बजे उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ी से कुछ लोग आए और उनके भाई नीतेश तथा नई नवेली बहू को अपने साथ बैठाकर ले गए।

कल प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम दिन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर प्रथम चरण की मेरिट सूची का प्रकाशन 8 जुलाई को किया जाएगा। प्रवेश प्रक्रिया 8 जुलाई से 11 जुलाई तक संपन्न होगी। जिन अभ्यर्थियों का नाम मेरिट सूची में शामिल हो, वे निर्धारित तिथि के भीतर आवश्यक मूल दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

प्रवेश हेतु प्रथम चरण की मेरिट सूची का प्रकाशन पद पर किया जाएगा। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि से पोर्टल पर अपनी मेरिट एवं आवंटित संस्था की जानकारी देख सकते हैं। महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए संस्थान में 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। अधिकाधिक महिलाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के लिए कौशल विकास संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा महिला प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है।

गंदगी से फैल रहीं बीमारियां

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

परेशानी घुटनों तक भरे पानी में से निकले बाराती

सड़क दलदल में तब्दील, बेटी की विदा करने में परेशानी

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले के ग्रामीण इलाकों में बारिश के कारण सड़कों की हालत बदहाल है। गुरुवार को जतारा जनपद के ग्राम पंचायत बैरवार में एक आदिवासी बेटी की विदाई के दौरान ग्रामीणों को घुटनों तक भरे पानी से होकर गुजरना पड़ा। वहीं, पलेरा जनपद में भी सडोरी से कड़राई तक की सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।घटना बैरवार गांव की है, जहां मुख्य मार्ग पर गड्ढों में घुटनों तक पानी भर गया था। ऐसी स्थिति में गांव के लोग बेटी की डोली लेकर विदाई के लिए निकले।

इस दौरान ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है।ग्रामीणों का कहना है कि

मुख्य मार्ग पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। स्थिति जस की तस बनी हुई है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने और सड़क पर जल निकासी की व्यवस्था कर आमजन को इस समस्या से राहत दिलाने की मांग की है। जिले में सड़कों की बदहाली का दूसरा मामला पलेरा जनपद की ग्राम पंचायत देरी से सामने आया है। सडोरी गांव से लेकर कड़राई के बीच दो गांवों को जोड़ने वाली सड़क भी खस्ताहाल है।गांव के भागीरथ लोधी ने बताया कि आपात स्थिति में, जैसे किसी की तबीयत खराब होने या महिलाओं की डिलीवरी के लिए एंबुलेंस भी इस सड़क पर नहीं आ पाती है। सड़क की अत्यधिक खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पलेरा जनपद में भी सडोरी से कड़राई तक की सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।घटना बैरवार गांव की है, जहां मुख्य मार्ग पर गड्ढों में घुटनों तक पानी भर गया था।

महिलाओं की डिलीवरी के समय आती परेशानी

जिले में सड़कों की बदहाली का दूसरा मामला पलेरा जनपद की ग्राम पंचायत देरी से सामने आया है। सडोरी गांव से लेकर कड़राई के बीच दो गांवों को जोड़ने वाली सड़क भी खस्ताहाल है। गांव के भागीरथ लोधी ने बताया कि आपात स्थिति में, जैसे किसी की तबीयत खराब होने या महिलाओं की डिलीवरी के लिए एंबुलेंस भी इस सड़क पर नहीं आ पाती है।

एसपी कार्यालय में शिकायत कर मांगा न्याय

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। माता-पिता को खो चुके 15 वर्षीय नाबालिग ने अब अपने ही रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में किशोर ने आरोप लगाया कि उसकी बुआ और परिवार के अन्य लोगों ने उसे जबरन मंदिर ले जाकर उससे एक विधवा महिला की मांग भरवाई और उसे पति-पत्नी की तरह साथ रहने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर मानसिक प्रताड़ना देने और जबरन शारीरिक शोषण कराने की कोशिश का भी आरोप लगाया गया है। यह पूरा मामला टीकमगढ़ जिले के खरगापुर पुलिस थाने से सामने आया है

पीड़ित का कहना है कि उसने अपनी कम उम्र का हवाला देकर बार-बार विरोध किया, लेकिन उसकी एक नहीं सुनी गई।

उसने बताया कि मामले की शिकायत संबंधित थाने और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर भी की, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच, सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।फिलहाल, ये सभी आरोप शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए हैं। मामले की सत्यता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।